卐 श्री सद्गुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 43 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦20 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
50% Off On Making Charges
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospital, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com



# पीएम मोदी ने लिया रेस्क्यू अभियान का अपडेट

## अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स भी उत्तरकाशी पहुंचे

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। सुरंग हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत कर श्रमिकों के लिए चलाए जा रहे राहत और बचाव कार्यों का अपडेट लिया। पीएम मोदी ने कहा, केंद्र सरकार की ओर से सभी जरूरी उपकरण और संसाधन लगातार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही केंद्र और राज्य की एजेंसियों के समन्वय से मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा। फंसे हुए मजदूरों का मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। वहीं सोमवार सुबह पीएमओ



के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे और पीएमओ के उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने बचाव अभियान में शामिल सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा की और उनसे मजदूरों को बचाने के लिए किए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का शाम तक की रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। सीमा सड़क संगठन ने रविवार की देर रात को सड़क का निर्माण रोक दिया है। सूत्रों के अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान सुरंग में कंपन होने के बात सामने आई है। अभी सड़क का करीब 100 मीटर निर्माण होना शेष है। जबकि सुरंग के अदंर मजदूरों तक 125 एमएम का पाइप डालने का कार्य चल रहा है। देर रात को यह पाइप 57 मीटर तक डाला गया। वहीं सुरंग के ऊपर ड्रिलिंग के लिए जगह चुन ली गई है। 1. 2 मीटर डायमीटर की ड्रिल होगी। जिसका सेटअप (शेष पृष्ठ सात पर)

# चिंता में श्रमिकों के परिजन,अन्न जल छोड़ा

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में पिछले 8 दिनों से फंसे लोगों के परिजनों का भी बुरा हाल है। टनल में फंसे अपनों की चिंता में परिजनों का भी बुरा हाल है। किसी की मां तो किसी के पिता तो भाई-बहन को भी टनल में फंसे अपने परिजनों की चिंता सता रही है। परिजनों की भूख तो बहुत दूर की बात है, बेबस परिजनों के गले से रोटी का एक टुकड़ा तक नीचे नहीं उतर रही है। उड़ीसा के किशोर नायब का भाई भी पिछले एक सप्ताह से सुरंग के अंदर फंसा है। उसकी भाई से बातचीत तो हो गई, लेकिन चिंता के मारे उसे भूख नहीं लग रही। कहता है कि खाने पीने की इच्छा नहीं हो रही। बस भाई कैसे भी करके जिंदा बाहर निकल जाए, अब इसी वक्त का इंतजार है। प्रशासन की ओर से गई व्यवस्था के तहत कमरे के एक कोने में गुमशुम बैठा किशोर से भाई का हाल पूछा तो उसका गला रूंध गया। किसी ने खाने के लिए पूछा तो उसने साफ मना कर (शेष पृष्ठ सात पर)

किराये हेतु
डॉक्टर कालोनी, सिविल लाईन रूद्रपुर पहली गली में स्थित 25x75 के दो नर्सिंग होम किराये हेतु खाली हैं, जिसमें आई साइट हॉस्पिटल एवं मान्या आयुर्वेदिक सेन्टर चल रहा है।
&% lEidZ djs %&
9897067700
9897683006

# हरीश रावत की तबियत बिगड़ी,अस्पताल में भर्ती



देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्य मंत्री हरीश रावत की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत बताई जा रही है। उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा उनसे मिलते पहुंचे। पिछले दिनों हादसे में घायल होने के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को कुछ दिक्कत हो रही थी। (शेष पृष्ठ सात पर)

# दो बसों की भिड़ंत में 22 यात्री घायल

कोटद्वार (उद संवाददाता)। दो बसों की भिड़ंत में करीब 22 लोग घायल हो गये। हालाकि सभी की हालत खतरे से बाहर है। अधिकांश को प्राथमिक उपचारके बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को





जिला पुलिस कंट्रोल पौड़ी द्वारा थाना सतपुली को एकेश्वर रोड राजस्व क्षेत्र में दो बसो की भिड़ंत होने की सूचना मिली। थाना पुलिस और एसडी आरएफ राहत एवं बचाव उपकरणों के लिए घटना अस्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर पर पता चला कि अनियंत्रित होने की वजह से 2 बसें आपस में टकरा गयी। दुर्घटना में कुल 22 यात्री सामान्य रूप से घायल हुए है। घायलों को उपचार के लिए सतपुली अस्पताल भिजवाया गया। यहां से अधिकांश को प्राथमिक उपचारके बाद छुट्टी दे दी गयी।

# तेईस साल, पांच सांसद, पर उपलब्धि 'जीरो'

## नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के दुर्भाग्य की बानगी, आखिर कब होगी जुझारू और कर्मठ जनप्रतिनिधि की तलाश पूरी ?

■ अर्श

रूद्रपुर। उत्तराखंड राज्य के अस्तित्व में आने के बाद तेईस साल की इस लंबी अवधि में, तराई की नैनीताल -उधम सिंह नगर संसदीय सीट को अब तक कुल पांच सांसद मिल चुके हैं, लेकिन विकास के नाम पर इस संसदीय क्षेत्र के हिस्से आज तक ऐसी कोई बड़ी योजना नहीं आ सकी, जो तराई क्षेत्र की विकास यात्रा को एक नया आयाम दे सके। वह इसलिए क्योंकि नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र को आज तक ऐसा कोई जुझारू और कर्मठ प्रतिनिधि नहीं मिल सका, जो अपनी



बलबूते पर इस उपेक्षित संसदीय क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार से लड़ झगड़कर कुछ हासिल कर सके। ऐसे में अब सवाल यह उठने लगा है कि नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा सीट के अंतर्गत उपेक्षित पड़े तराई क्षेत्र को कब ऐसा सांसद मिलेगा ? जो असल मायने में एक सच्चा जनप्रतिनिधि साबित हो सके। वैसे तो नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र में राज्य निर्माण के बाद के 23 वर्षों के इस लंबे समय में विकास के नाम पर कोई खास उपलब्धि नहीं है, फिर भी अगर इस संसदीय क्षेत्र की विकास यात्रा पर दृष्टिपात करें तो अब तक इस क्षेत्र में छिटपुट विकास कार्यों के अलावा ऐसा कोई बड़ा काम नहीं हुआ,जिसे इस संसदीय क्षेत्र की विकास यात्रा का 'माइलस्टोन' कहा जा सके। एक अरसे से किसी बड़ी केंद्रीय सौगात राह तक रहे इस (शेष पृष्ठ सात पर)



### एन.डी. तिवारी -10.10.99 से 8.8.2002 )

पंडित तिवारी नैनीताल संसदीय क्षेत्र से उस समय सांसद चुने गए ,जब यह लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश राज्य के अंतर्गत आती थी। 9 नवंबर 2000 से उत्तराखंड राज्य के सांसद के रूप में 8 अगस्त 2002 अपना कार्यकाल जारी रखा। उत्तराखंड विधानसभा के लिए निर्वाचित होने पर त्यागपत्र दे राज्य के पहले निर्वाचित मुख्यमंत्री बने।



### महेंद्र सिंह पाल ( 2002 से 16 मई 2004 )

नारायण दत्त तिवारी के इस्तीफे के बाद नैनीताल- उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र में हुए उपचुनाव में लोकसभा सांसद चुने गए। 16 मई 2004 को नई लोकसभा की गठन के साथ कार्यकाल समाप्त। पूरे कार्यकाल के दौरान केंद्र में विपक्ष की सरकार रहने के कारण संसदीय क्षेत्र के लिए कुछ विशेष हासिल नहीं कर सके।



### केसी सिंह बाबा ( 16 मई 2004 से 16 मई 2014 )

14 वीं लोकसभा के लिए पहली बार सांसद चुने गए, लगातार 10 वर्षों तक नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया. पूरे कार्यकाल के दौरान केंद्र में उनकी ही पार्टी की सरकार रही ,मगर संसदीय क्षेत्र के लिए कुछ विशेष हासिल करने में असफल रहे।

### भगत सिंह कोश्यारी ( 16 मई 2014 से 23 मई 2019 )



16 वीं लोकसभा के लिए नैनीताल -उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के लिए निर्वाचित हुए।पूरी कार्यकाल के दौरान केंद्र में नरेंद्र मोदी जैसे सक्षम प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार रही। इच्छा शक्ति दिखाते ,तो संसदीय क्षेत्र के लिए काफी कुछ हासिल कर सकते थे, परंतु संपूर्ण संसदीय कार्यकाल की कोई विशेष उपलब्धि नहीं।



### अजय भट्ट ( 23 मई 2019 से अब तक )

17वीं लोकसभा के लिए नैनीताल- उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से पहली बार निर्वाचित। वर्तमान में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री। नैनीताल- उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री बनने वाले पहले सांसद। संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करके ही संतुष्ट। कुछ नया एवं विशेष करने में दिलचस्पी नहीं।

# तो क्या 2025 तक नशा मुक्त हो जाएगा उत्तराखंड ?

## काशीपुर, जसपुर में जड़ जमा चुका है जहर का कारोबार

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश की धामी सरकार वर्ष 2025 तक समूचे उत्तराखंड को नशा मुक्त करने का दम भरती है लेकिन क्या वास्तव में नवसृजित राज्य भविष्य में नशे की चुंगल से आजाद हो पाएगा इस पर संशय से पूरी तरह बरकरार है। समाज के प्रबुद्ध तबके का मानना है कि यदि सरकार वास्तव में कार्य योजना को साकार रूप देना चाहती है तो इसके लिए सर्वप्रथम भ्रष्ट अधिकारियों को चिन्हित करना होगा। क्योंकि विभाग के दागी तथा भ्रष्ट अधिकारी ही जरायम कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। जहरीली कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार देखा जाए तो समूचे प्रदेश भर में जड़



जमा चुका है। नशे की तीव्रता बढ़ाने के लिए इसमें नशीली गोलियों के अलावा नौसादर आदि का इस्तेमाल किया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक होती है। जहरीली कच्ची शराब पीकर अब तक दर्जनों मौत के मुंह में चले गए तो वहीं दूसरी ओर सैकड़ो परिवार भुखमरी के कगार पर है लेकिन गैर कानूनी गोरखधंध । आज तक बंद नहीं हो सका। संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही के नाम पर ठीक से औपचारिकता भी नहीं कर पा रहे हैं। ड्यूटी के नाम पर जेब भरने का काम किया जा रहा है। इक्का दुक्का स्थानों पर छापामारी कर ड्यूटी की इति श्री की जा रही है। सूत्रों का कहना है की कच्ची शराब की खुदरा बिक्री करने वालों से आबकारी प्रतिमाह सुविधा शुल्क वसूल करती है। इसी तरह निर्धारित समय से पूर्व यदि शराब की कैंटीन खुल रही है तो निश्चित रूप से कैंटीन संचालक भी आबकारी को मिठाई पेश कर रहा है। इस तरह की दुर्व्यवस्था में सरकार अपने मंसूबे में कैसे कामयाब हो पाएगी यह यक्ष प्रश्न है। फिलहाल जसपुर काशीपुर एवं बाजपुर में हालात अवैध कच्ची शराब को लेकर बद से बद्तर हो चुके हैं।

### प्रतिदिन बनाई व बेची जाती है हजारों लीटर कच्ची शराब

काशीपुर। रमपुरा कनकपुर छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी खड़कपुर देवीपुरा समेत कुंडा वआईटीआई थाना क्षेत्र के दर्जनों स्थान ऐसे हैं जहां हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब प्रतिदिन बनाई और बेची जाती है। ग्रामीणों ने गैर कानूनी कारोबार को कुटीर उद्योग के रूप में अपना लिया है। ऐसी स्थानों पर आबकारी छापामार कार्यवाही नहीं करती। सरकार और समाज की आंख में धूल झोंकने के लिए सुदूर जंगली इलाकों में कथित तौर पर कार्यवाही की जाती है। अधिकांश मामलों में कारोबारी नामजद नहीं किए जाते या फिर उनको फरार दिखा दिया जाता है। इसी तरह कुंडा थाना क्षेत्र में भी दर्जनों स्थानों पर अवैध कच्ची शराब धड़ल्ले से बनाई और बेची जा रही है।

### सरकार की आंख में धूल झोंक रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी

काशीपुर। पंजाब प्रांत से लाई जाने वाली तस्करी की अंग्रेजी शराब का भी यहां गैर कानूनी कारोबार पर्दे के पीछे से खूब फलीभूत हो रहा है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी निष्क्रिय है। वास्तविकता यही है कि यदि संबंधित विभाग दायित्वों को लेकर सक्रिय हो जाए तो मजाल नहीं है कि क्षेत्र में कच्ची शराब की कसीदगी हो सकेगी अथवा तस्करी की अंग्रेजी शराब आसानी से खपत हो जाएगी लेकिन रक्षक ही जब भक्षक का चोला ओढ़ ले तो कुछ भी संभव है। समाज के ठेकेदार लगातार सरकार की आंख में धूल झोंक रहे हैं। अधिकारियों ने नोट बटोरने के आगे मानवीय संवेदनाओं को भी ताक पर रख दिया है।

# टीम इंडिया की हार से निराश हुए एमएस धौनी

## पत्नी साक्षी का जन्मदिन मनाकर होटल में देखा मैच

नैनीताल(उद संवाददाता)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी ने शनिवार देर रात पत्नी साक्षी का जन्मदिन मनाकर रविवार को पूरा समय होटल में ही बिताया। फाइनल मैच देखने के लिए टीवी पर नजर गड़ाए रहे। बीते मैचों में बेहतर प्रदर्शन कर रही टीम का कम स्कोर देख माही निराश नजर आए। धौनी पत्नी साक्षी का जन्मदिन मनाने के लिए नैनीताल आए हैं। शनिवार देर रात उन्होंने केक काटकर साक्षी को बधाई दी। रविवार सुबह देरी से उठने के बाद उन्होंने पत्नी, बेटी जीवा व दोस्तों के साथ पूरा दिन बिताया। उनके साथ नैनीताल पहुंची भाव्या दीवान व ईशा जैन दीवान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साक्षी को बधाई देते हुए आयोजन की फोटो साझा की। नैनीताल में धौनी के वीकेंड के आखिरी दिन



प्रसंशक उनसे मुलाकात की उम्मीद लगाए बैठे थे। सुबह से ही उनके होटल के बाहर भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। मगर धौनी ने लोगों से दूरी बनाए रखी। करीब 15 मिनट के लिए कमरे से बाहर आकर उन्होंने कुछ लोगों से मुलाकात की और फिर वह भीतर चले गए। करीब एक सप्ताह उत्तराखंड में बिताने के बाद धौनी सोमवार को लौट जाएंगे। वर्ल्ड कप फाइनल में रविवार को भारत को निराशा हाथ लगी। इससे टीम का तीसरी बार विश्वविजेता बनने का सपना टूट गया। ऐसे में नैनीताल पहुंचे पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी भी निराश दिखे। वे आधे मैच में ही टीवी स्क्रीन छोड़कर चले गए। होटल कर्मचारियों के अनुसार उन्होंने मुकाबला शुरू होने से कुछ ही समय पूर्व भारतीय टीम की बल्लेबाजी देखकर बड़ी जीत की बात कही थी।

# शक्तिफार्म में भी रही छठ पूजा की धूम

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्ति फार्म में पूर्वांचल समाज के लोगो ने छठ पर्व बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया। शहर के तिलियापुर बसगर मेन बाजार में तीन स्थानों पर छठ पूजा अर्चना की महिलाओं ने डूबते और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। छठ पर्व दीपावली के छः दिन बाद मनाया जाता है। छठ पूजा सूर्योदय के साथ नहाए खाय के नियम का पालन कर पूजा शुरू की दूसरे दिन पूजा में खरना नियम का पालन करते हुए निर्जल व्रत रखा कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को अर्घ्य दिया। तिलियापुर के बगीचा में रविवार की रात छठ माता का जागरण कलाकारों द्वारा किया गया। सुबह सुबह प्रसाद वितरण किया गया। पूर्वांचल समाज के लोगो का यह त्योहार खास होता है।पूजा के नियमो का पालन करने वाले महिलाओं के साथ साथ पुरुष भी व्रत रखते है।इस दौरान महिलाओं ने अपने पति और संतान की मंगल कामना के साथ घर की समृद्धि की कामना की सोमवार को व्रतधारियो ने बहते नदी और पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर उनकी उपासना की ।इस मौके पर सिरजावती देवी,पूनम,सुमन यादव ,उत्तम आचार्य,रविंद्र,सुधरी देवी,मीना, पुष्पा,प्रियंका यादव,शोभा यादव,प्रेम चंद,चंद्रावती, रतना, उषा देवी, कलावती देवी, सांति देवी, सुभावती देवी, सुनीता, सपना, सोनमती, ज्ञानमती, प्रिया , अंजली, माया, रंजना, मुन्नू कांत,काजल, रमुनी,आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।



# विभिन्न मामलों में नामजद आरोपी को किया जिला बदर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बनभूलपुरा क्षेत्र में पंजीकृत विभिन्न मामलों में संलिप्त आदतन अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ ऋषि सागर के विरुद्ध गुंडा अधि नियम की कार्यवाही कर उसे जिला बदर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार



एसएसपी द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अराजकता फैलाने वाले गुंडा तत्वो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।जिस क्रम में नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अराजकता फैलाने वाले गुंडा तत्वों के विरूद्द प्रभावी कार्यवाही करते हुये न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल में प्रचलित वाद सरकार बनाम मनोज कुमार उर्फ ऋषि सागर में पारित आदेश अन्तर्गत धारा–3 उत्तर प्रदेश गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1970 के अनुपालन में अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ ऋषि सागर पुत्र स्वर्गीय गंगावासी निवासी गोजाजाली स्थाई पता लाइन नंबर 16 कब्रिस्तान गेट के पास थाना बनभूलपुरा को कड़ी हिदायत देकर जनपद नैनीताल की सीमा से बाहर कर 06 माह हेतु जिला बदर की कार्रवाई की गई। उसके विरूद्ध थाना बनभूलपुरा में कई अभियोग दर्ज है।

# नए कोतवाल का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा किच्छा के अध्यक्ष दानिश इकबाल अहमद के नेतृत्व में किच्छा के नए कोतवाल सुंदरम शर्मा का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। दानिश इकबाल अहमद ने नवनियुक्त कोतवाल शर्मा को अपने संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया और संगठन के विषय में सभी जानकारी साझा की और किच्छा पुलिस प्रशासन की हर



मोर्चे पर साथ देने का वादा किया। नवनियुक्त कोतवाल ने उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा से समाज राष्ट्रहित एवं नगर हित में कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में उत्तरांचल मुस्लिम युथ मोर्चा के संरक्षक एम.रहमान अंसारी, खालिद इकबाल अहमद, जावेद मलिक जक्कू ,डाक्टर हारून खान ,आर्शिल,जाकिब सैफी, तसलीम खान,जीशान मंसूरी, आदि लोग उपस्थित थे।

# छठ घाटों पर रहा मेले जैसा नजारा

गूलरभोज(उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे एवं अतुल पांडे ने ढाई नंबर छठ घाट पर पहुंच कर छठ वेदी पर विधि विधान से पूजा अर्चना की। छठ घाटों पर व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर उपासना की। इस दौरान परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गयी। छठ घाटों पर मेले का नजारा बना



रहा। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गयी। पूजा स्थलों में पूजा बेदी को भव्य रूप से सजाया गया था । महिलाओं ने सुन ही अरज छठी मैया गीत गाते हुए डूबते सूरज को अर्घ्य दिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने सभी घाटों में घूम कर छठ मैया का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता अतुल पांडे, समाजसेवी मनविंदर पांडे ,अनीता पांडे, पूनम आर्य, उषा देवी, भूपेंद्र आर्य, गोविंद राजभर, सोनू राजभर, गोल्डी राजभर, राहुल कश्यप आदि उपस्थित थे।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्वांचल के समाज द्वारा प्रातः उदय होते सूरज को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन हो गया। उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठी माई की पूजा भी विधि विधान से नगर के विभिन्न क्षेत्र के समस्त छठ घाटों में की गई। पूर्वांचल समाज द्वारा सजाकर तैयार किए गए घाटों में उत्सव का माहौल बना रहा।जहां पर नदी की व्यवस्था नहीं थी वहां लोगों द्वारा कृत्रिम छठ घाट भी बनाकर पूजा अर्चना कर उगते सूरज और को अर्घ्य देकर सभी लोगों के सुख समृद्धि की कामना की।पूर्वांचल समाज के अलावा अन्य विभिन्न समाज के लोग भी इस पर्व के महत्व को देखते हुए घाटों में अपना सहयोग देते रहे । नगर के प्रत्येक कोने पर छठ पूजा में प्रयोग किए जाने वाली सामग्री की बिक्री करने वालों की भीड़ लगी रही । उल्लेखनीय है कि पुर्वांचल समाज द्वारा अस्त होते सूरज को एवं उगते सूर्य को अर्घ्य देने की अटूट आस्था है ।जिसमे नहाय खाय की परंपरा भी है। पुरुष और महिलाएं एक साथ जहां सूर्य को अर्घ्य देते है । वहीं परिवार की सुख समृद्धि के साथ–साथ देश व आम लोगों की सुखी जीवन की कामना कर सूर्य की उपासना करते हैं। यहां नमक फैक्ट्री स्थित छठ घाट के अलावा नगर के विभिन्न घाटों में सजावट देखने योग्य थी। प्रातः नगर की सभी समाजसेवी कार्यकर्ता सहयोग करते रहे। जिनमें मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव संजीव सिंह,भाजपा के राजीव सक्सेना,चंदन जायसवाल, वीरेंद्र वर्मा ,समाज सेवी अजय तिवारी सभासद शोभित शर्मा,राजेशकोली उर्फ रज्जी ,मनमोहन, राजेंद्र मोनिका वर्मा, कुसुम देवी ,उर्मिला सोनी, प्रियंका, किरण मेहरा, शोभावती, सीमा सोनी, अंजु सोनी, अनीता देवी, निशा रस्तोगी, गोविंद व्यापारी, राज गगन ,राजन जायसवाल, पंकज जयस वाल, निक्कू ,संजय रस्तोगी, अजय सोनी द्वारा विशेष सहयोग किया गया।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# सितारगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया छठ महापर्व

सितारगंज(उद संवाददाता)। छठ पूजा पर्व सितारगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संतान की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली की कामना के साथ महिलाओं ने छठ पूजा स्थलों पर विधि-विधान के साथ छठ मइया की पूजा-अर्चना की। पूजा स्थलों पर बने कृत्रिम घाट के पानी में खड़े होकर डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दिया। उधर, छठ पूजा की तैयारियों के चलते बाजारों में भी पूरे दिन काफी रौनक रही। लोगों ने छठ पूजा के लिए पूजन सामग्री, सब्जी, मौसमी फल आदि की जमकर खरीदारी की। संतान की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली के लिए छठ पर्व पर महिलाएं सूर्य देव की उपासना करती हैं। चार दिनों तक मनाए जाने वाले इस पर्व की शुरुआत नहाय खाय के साथ हुई थी। इसमें महिलाओं ने गन्ने के रस की खीर और गेहूं के आटे की रोटी का प्रसाद ग्रहण किया था। इसके बाद 36 घंटे के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। रविवार को छठ पूजा के तीसरे दिन घरों में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गईं। पूजन की सारी सामग्री एकत्र की गई। छठ मइया के पूजन के लिए शाम को महिलाओं ने नए वस्त्र धारण किए और छठ पूजा स्थलों पर पहुंच गईं। यहां पर छठ मइया के लोकगीत गाकर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन किया। छठ पूजा स्थलों पर बने कृत्रिम घाट में भरे पानी के अंदर खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया। सुबह महिलाओं ने उगते सूर्य देव को अर्घ्य देकर उपवास खोलेंगा। छठ पूजा के लिए दो दिन पूजन सामग्री आदि की दुकानों पर भीड़ रही। छठ मइया का इस मौसम में चलने वाले फल, सब्जी, गन्ने आदि से पूजन किया जाता है। इस कारण बाजारों में सब्जी, फल, पूजन सामग्री, नारियल, गन्ना, सेब, केला, अमरुद, मूली, पान के पत्ते, सूखा मेवा, छाज, डलिया, ढक्कन आदि की लोगों ने जमकर खरीदारी की।



इसके चलते बाजारों में पूरे दिन काफी चहल-पहल रही। छठ पूजा स्थल शाम होते ही जगमगा उठे इस मौके पर राकेश त्यागी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा नेता दीपक गुप्ता, अनिरुद्ध राय, सुमन राय, भगवान सिंह भंडारी शशि कनौजिया, दयानंद, विमलेश कनौजिया, मुन्नी शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## छठ घाट न होने से जीआईसी में छठ घाट की वैकल्पिक व्यवस्था कराई

सितारगंज (उद संवाददाता)।नगर क्षेत्र में छठ घाट नहीं होने से पूर्वांचल समाज के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सभासद रवि रस्तोगी ने राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में वैकल्पिक छठ घाट की व्यवस्था कराई इसके साथ ही उन्होंने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से पूर्वांचल समाज के पूजा स्थल के लिए नगर में छठ घाट निर्माण कराने की मांग की है। शहरी क्षेत्र में छठ घाट का पूजा स्थल नहीं होने से पूर्वांचल समाज के लोगों को छठ महापर्व पर काफी दिक्कतें होती है। इस बार सभासद रवि रस्तोगी ने राजकीय इंटर कॉलेज में छठ महापर्व मनाने के लिए वैकल्पिक छठ घाट का निर्माण कराया है। यहां भारी संख्या में पूर्वांचल समाज के लोगों द्वारा उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैय्या की पूजा अर्चना की की जाती हैं। उन्होंने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से नगर क्षेत्र में छठ घाट बनाने की मांग की है। कहा की क्षेत्र में नगर क्षेत्र में स्थाई छठ घाट नहीं होने की वजह से पूर्वांचल समाज के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्हें यह पता नहीं होता कि इस बार छठ पर्व का आयोजन कहां पर किया जा रहा है। पूर्वांचल समाज के लोगों को देखते हुए छठ घाट होना नगर क्षेत्र में आवश्यक है। जिससे श्रद्धालुओं को कठिनाइयां न झेलनी पड़े। उन्होंने नहर किनारे या अन्य स्थान पर घाट का निर्माण कराने की मांग की। ताकि सितारगंज क्षेत्रों के श्रद्धालु छठ पर्व पर पूजन कर सकें।

# छठ घाटों पर कराए गए कार्यों का विधायक प्रतिनिधि ने किया लोकार्पण



किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ इन दिनों राजस्थान में चुनाव प्रचार में जुटे हुए है, उन्होंने एक वीडयो जारी कर सभी क्षेत्रवासियों को छठ पूजा के महापर्व की बधाई दी और सभी को अपनी शुभकामनायें दी। उन्होंने क्षेत्र में उपस्थित न होने पर अफसोस जताया। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों की मांग पर ग्राम भमरौला, फुलसंगा, तुर्कागोरी, पंतनगर और शिमला, आनंदपुर में छठ घाटों का विधायक निधि से निर्माण अथवा सौन्दियकरण कराया गया है तथा आगे और भी क्षेत्र में तेजी से निर्माण कार्य कराये जायेंगे। वहीं छठ पूजा के पावन अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने विधायक निधि के अंतर्गत 21.30 लाख की लागत से बनाये गये 5 छठ घाट स्थलों का फीता काटकर व नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। गौरव बेहड़ ने कहा की वे सभी क्षेत्रवासियों को छठ पूजा के पावन अवसर पर बधाई देते है व छठी माई से पूरे क्षेत्र की कुशल कामना करते है। उन्होंने बताया कि आगे और भी छठ घाटों का निर्माण विधायक निधि से कराया जायेगा। इस दौरान किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,ब्लाक प्रमुख ममता जल्होत्रा,राजेश प्रताप सिंह,जनार्दन सिंह,महेंद्र शर्मा,गुड्डू तिवारी,जियाउल रहमान,कमलदेव तिवारी, सुरेश गौरी, शिशुपाल सिंह, यामीन अंसारी,प्रेम आर्या अजीत सचदेवा,सुनीता कश्यप,जगदीश कुमार,प्रवेश गंगवार,मोरपाल सिंह, हरदयाल,लियाकत,धर्मेन्द्र यादव, रामरतन गुप्ता,बालकिशन यादव, निशांत शाही,जगरूप गोल्डी, दानिश मलिक, जुबेर खान, मनोहर बाल्मीकि, राज नरेंद्र सिंह,ऐ डी मिश्रा, रामसूरत, राजपाल सिंह, मन्नू, राजेश शर्मा, सरताज मलिक, सुनील कुमार, त्रिभुवन, रहीम,पंकज,मोज कुमार, संतोष कुमार,पृथ्वी,राजेश पार्षद,रवि कुमार,राजेश कुमार,दूज राम,सुदामा पटेल,आदित्य ,मन्नू आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में पांचों सीट जीतेगी भाजपा : बंसल

## गदरपुर में राज्य सभा सांसद नरेश बंसल का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के गुलरभोज रोड मार्ग स्थित भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया के कार्यालय पर जोरदार नारे लगाते हुए पुष्प मालाएं पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।स्वागत के दौरान राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने कहा मिशन 2024 में भाजपा पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। साथ ही उन्होंने कहा उत्तराखंड में पांचों सीट भाजपा की होने वाली है।उन्होंने कहा भाजपा के युवा और ऊर्जावान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिर्देशों में सरकार की जनकल्याणकारी योजना जन जन तक पहुँचाकर प्रदेश को समृद्ध एवं विकास शील बनाया जा रहा है जिसके लिए वह बधाई के पात्र है। उन्होंने मिशन 2024 में भाजपा की प्रचंड जीत होने की बात कही।वही भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया ने नरेश बंसल के पहुचने पर आभार प्रकट करते हुए स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने भी उत्तराखंड में भाजपा की उपलब्धियां के बारे में बताया इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना , मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक हुड़िया,चिमन लाल हुड़िया, जसवीर





चीमा, गुलशन शर्मा, मनोज शर्मा,राकेश भुड्डी बन्टी,राजेश गुम्बर मिन्नी,हरीश रहलन,अरविंद पाल,परमजीत सिंह पम्मा,अनिल जेटली, विपिन कुमार,निपुण गगनेजा,अशोक छाबड़ा,छगनलाल, मूलचंद,वरयाम चंद,मनोज चौहान, विजय गाबा,प्रवीन गाबा ,हन्नी हुड़िया, हरीश सेतिया,मनोज कक्कड़, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अरोरा,गीता हुड़िया,आशा हुड़िया आदि थे।

# धूमधाम से मनाया सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्म दिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जायसवाल समाज द्वारा चक्रवर्ती सम्राट भगवान राजराजेश्वर श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला व जायसवाल, संरक्षक रामबाबू जायसवाल, उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल, महिला अध्यक्ष बीना जायसवाल, महिला महामंत्री दीपा जायसवाल, संरक्षाका लक्ष्मी सम्मान किया गया।बच्चों ने फैंसी ड्रेस में भी जलवे दिखाएं। मंच का संचालन कोषाध्यक्ष शेफाली जायसवाल ने किया। समाज में योगदान देने वाले बाबूराम जायसवाल, विजय जायसवाल, बलदेव जायसवाल, जमुना



विधायक सुमित हृदयेश ने दीप प्रज्वलितकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथि एवं शहर के सामाजिक गणमान्य व्यक्तियों को अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, महामंत्री कन्हैया जायसवाल, युवा महामंत्री अतुल जायसवाल, कोषाध्यक्ष सुमित जायसवाल द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समाज के बुजुर्गों का प्रसाद जायसवाल, राजू जायसवाल, राजेश जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, राजीव जायसवाल, पंकज जायसवाल, मनोज जायसवाल, विनोद जायसवाल, राकेश जायसवाल आदि को सम्मानित किया गया।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने वालों में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक ग्राम मल्सी रुद्रपुर निवासी [illegible]



बलजिंदर सिंह और मंजीत सिंह दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि ग्राम मनकरा फरदीया बहेड़ी बरेली निवासी दलबीर सिंह, सिमरजीत कौर पुत्री दलबीर सिंह, सतविंदर पाल सिंह व अमनदीप कौर पत्नी सतविंदर पाल सिंह रुद्रपुर आए थे। इस दौरान उन्हें बताया गया कि सतविंदर [illegible] और बताया कि वीजा फर्जी कारोबार दिखाकर लगवाया गया है। इस पर उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की थी। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि ठगी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## समाजसेवी नैन सिंह का निधन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। पूर्व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष समाजसेवी नैन सिंह ठकुराठी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडे, अतुल पांडे, डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, प्रमोद कुमार गुप्ता, हरीश छाबड़ा, इंदर सिंह राठौड़, तरुण दुबे, बिजेंद्र यादव, अमित कुमार गुप्ता, राजकुमार ग्रोवर, चिमनलाल रहलन, संजीव भटेजा, विजय कुमार आदि उपस्थित थे।








# उगते सूर्य को अर्घ्य दने छठ घाटों पर उमड़ी भीड़

## पूर्वांचल समाज की महिलाओं ने पूजा अर्चना के साथ किया व्रत परायण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्वांचल समाज की व्रतधारी महिलायें आज प्रातः उगते सूर्य को पानी में खड़े होकर अर्घ्य दिया तथा छठ वेदी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर व्रत का परायण किया। इससे पूर्व गत सायं पूर्वांचल समाज की महिलाओं में अपने अपने घरों से नंगे पांव निकलकर सर पर प्रसाद की टोकरी रख काचहिं बांस के बहंगिया. ., रूनकी झुनकी बेटी मांगीला, पंडितवा दामाद हे छठी मइया...कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाये आदि के छठ गीतों को गाते हुए निकट वर्ती छठ घाट पर पहुंची और उन्होने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पति व संतान की मंगल कामना के साथ घर की सुख समृद्धि की कामना की। सायं काल छठ पूजा स्थलों अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये जिसमें अनेक जन प्रतिनिधियों ने पहुंच कर पूर्वांचल समाज के लोगो को छठ पर्व की बधाई दी। रविन्द्र नगर छठ घाट सहित महादेव नगर, अटरिया रोड़, तीन पानी डाम ,फुलसुंगा फुलसुंगी, शुक्ला फार्म तीन पानी, बगवाड़ा आदि छठ पूजा स्थलों में भी छठ पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया । रूद्रपुर के वार्ड नंबर एक फुलसुंगा स्थित रूद्रा इक्लेव कालोनी के पार्क में छठ पूजा पर विशेष तैयारियां की गयी थी। रूद्रा इक्लेव सोसायटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए टैंट आदि की व्यवस्था की गयी थी इस दौरान अध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में सोसायटी के लोग व्यवस्थाओं में रविवार शाम से ही जुटे रहे। इस दौश्रान छट घाटों पर भारी संख्या में महिलायें व परिवार के सदस्यों की भीड़ उमड़ गई। लोगों ने मंगलगीतों के साथ सूर्यदेव की अराधना कर सुख समृद्धि की कामना करते हुए एक दूसरे को शुभकमनायें दी।







# विधायक ने छठ महापर्व पर घाटों का किया भ्रमण

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। सूर्य उपासना व लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर विधायक शिव अरोरा भी जगह जगह घाटों पर भ्रमण किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने धोबी घाट स्थित छठ घाट पर पहुँचकरमाता बहनों से मुलाकात कर उनको छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी, निश्चित रूप से पूर्वांचल समाज मे इस महापर्व का बहुत महत्व है जो उगते सूरज को अर्ग देकर इस व्रत की समाप्ति होती है, वही इस दौरान राज्यसभा सांसद व भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल भी छठ महापर्व पर मौजूद रहे। उन्होंने फलों से सजी टोकरी को उठाकर छठ माई का आशीर्वाद लिया और समस्त क्षेत्रवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। विधायक शिव अरोरा ने अटरिया पुल पर स्थित घाट पर छठ पर्व का उद्घाटन फीता काटकर किया तो वही विधायक शिव अरोरा ने कहा छठ पर्व के अवसर पर क्षेत्र में भारी उत्साह देखने को मिलता है ओर सभी पूर्वचल समाज के लोग पूरी आस्था के साथ इस पर्व को मनाते हैं । विधायक शिव अरोरा ने खेड़ा , भगवानपुर, बागवाला, व अन्य जगह पर भी छठ घाटों का भ्रमण किया और छठ पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा नेता किरन विर्क, सुनील यादव, राधेश शर्मा, पार्षद निमित शर्मा, रामप्रकाश गुप्ता, विजय वाजपेयी , पिंटू पाल, मयंक कक्कड़, व अन्य लोग मौजूद रहे।









# चुघ ने छठ मैया की पूजा कर लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रद्धा और उत्साह के पर्व छठ पूजा पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने गत सायं नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न छठ घाटों में जाकर छठ मैया की पूजा कर आर्शीवाद प्राप्त किया। उन्होंने संतोषी माता मंदिर घाट, राधा कृष्ण मंदिर ट्रांजिट कैंप घाट, फुटबॉल मैदान ट्रांजिट कैंप सहित विभिन्न छठ घाटों पर जाकर छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्री चुघ ने उपस्थित पूर्वांचल समाज के सभी परिवारों को छठ पूजा की शुभकामनाएं देकर सभी की सुख समृद्धि की कामना की। छठ पूजा स्थलों पर कार्यक्रम आयोजकों द्वारा श्री चुघ को शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। उनके साथ ज्ञान सिंह चौहान, अमित गौड़ , शिवकुमार शिबू, सिद्धार्थ चौहान, पिंटू पाल, संतोष पाल, मनोज गुप्ता, गीता शर्मा सहित हजारों लोगों ने पूरे नगर में छठ मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया।







# रुद्रपुर के दो युवा उद्यमी लखनऊ में हुए सम्मानित

## जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज के एमडी रोहित और आरएस लॉजिस्टिक्स के एमडी ध्रुव मुन्जाल को मिला सम्मान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक टीवी न्यूज चौनल द्वारा इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस अवार्ड उत्तर प्रदेश 2023 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें रूद्रपुर की जय गुरुदेव इंडस्ट्री के एमडी रोहित गुंबर को कृषि क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए बेस्ट फार्मर इक्यूपमेंट इंडस्ट्रीज अवार्ड से और आरएस लॉजिस्टिक्स के एमडी ध्रुव मुंजाल को विशेष उपलब्धि के लिए कैबिनेट मंत्रियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और मत्स्य पालन मंत्री डॉ संजय निषाद ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से सैकड़ो लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें उत्तराखंड उत्तर प्रदेश में बड़ी व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर चर्चित उद्योगपती भी शामिल थे। उत्तराखंड के आर एस लॉजिस्टिक्स ग्रुप के एचडी ध्रुव मुंजाल, जय गुरुदेव इंडस्ट्री के एचडी रोहित गुंबर,जेएचईवी मोटर्स के डायरेक्टर तेजू बघेल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। यहां आपको बता दे कि दोनों युवाओं ने कम समय में अपने-अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों युवा अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं। उत्तराखंड के युवा उद्यमियों को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सम्मानित किया जाने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। डॉक्टर संजय निषाद और राकेश सचान ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां को उद्योगपतियों के समक्ष रखा।



# सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने खोला व्रत

गदरपुर(उद संवाददाता)। पूर्वांचल संस्कृति का सूर्य उपासना का छठ पर्व नगर व आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पर्व के अन्तिम दिन व्रतधारी महिलाओं ने प्रातः काल ही छठ पूजा स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना की और सूर्य के दर्शन होते ही पूजा अर्चना के साथ सूर्य को अर्घ्य दिया और अपने पति एवं परिवार की दीघायु की कामना की तथा प्रसाद वितरण किया। आज इस छठ पूजा स्थल पर महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। पूजा स्थल पर जमकर अतिशबाजी भी की गयी। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, तारिक खान, सतीश मिढ्ढा, मनोज गुम्बर, रोहित सुदामा, परमजीत सिंह, राकेश भुड्डी, गुंजन मुरादिया, राजेश अरोरा,राम अवतार गुप्ता, निर्मल नारंग, उमेश गुप्ता, सौरव वर्मा, पीयूष वर्मा, शशांक तिवारी, सूर्यभान गुप्ता, रेनू गुप्ता, शकुन्तला वर्मा, ममता वर्मा, अंकिता वर्मा, अंकित वर्मा, शिल्पा वर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्षा अंजू भुड्डी, अंजली, शीला,रितू सिंह, प्रतिभा सिंह, सिरजावती शकुंतला वर्मा पिंकी सिंह, इंदु, सरस्वती देवी, सुभावती देवी, सुमन मिड्डा,शशि बाला,विरजावती देवी,सहित काफी संख्या महिलाए मौजुद थी। वहीं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों सकैनिया, सुख शांतिनगर, बकैनिया, सूरजपुर, प्रेमनगर आदि में भी व्रतधारी महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोलकर परिवार एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामना की।





# धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। छठ महापर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। तीसरे दिन छठी व्रति धारियों ने पानी में खड़े होकर सूरज को अर्घ्य दिया। रविवार को पूर्वांचल समाज के लोग ढोल बाजे के साथ छठ मैया के लोकगीत गाते हुए देवहा पोषक नहर पर बने छठ घाट पहुंचे। 17 नवंबर से नहाए खाए के साथ छठ महापर्व के तीसरे दिन सजे हुए छठ घाट पर श्रद्धालुओं ने ने छठ मैया की बेदी पर पूजा अर्चना कर अपने बच्चों के स्वस्थ एवं लंबी आयु की छठी मैया से आराधना की। संध्याकालीन डूबते सूरज को और प्रातः उगते हुए सूरज को जल में खड़े होकर



छठी व्रत धारी श्रद्धालु मीनाक्षी मिश्रा, रंजू देवी, सुधा देवी, माया देवी, द्रोपती चौरसिया, अभिलाषा चौरसिया, कंचन गुप्ता, पूनम चौरसिया, कुसुम देवी, सुनीता देवी, शैलेन्द्र गुप्ता,अर्घ्या दिया। वहां छठ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, अनिल शर्मा, केश्वर चौरसिया, राजू गुप्ता, ओम प्रकाश चौरसिया, संदीप शाह,सुनील शर्मा, राकेश चौरसिया,पवन गुप्ता, रजनीश चौरसिया, नवीन शर्मा, संजय गुप्ता, मनीष पाल, दिनेश गुप्ता, सत्यम चौरसिया, सूरज गुप्ता, जितेंद्र बाल, मोहित शर्मा आदि मौजूद थे।

# विधायक पांडेय ने दी छठ पर्व की बधाई

गदरपुर (उद संवाददाता)।विधानसभा गदरपुर के लोकप्रिय विधायक अरविंद पांडेय के परिवार ने छठ मैया के पावन पर्व को धूमधाम से मनाते हुए क्षेत्रवासियों एवं प्रदेश वासियो को बधाई दी। विधायक पांडेय के परिवार द्वारा छठ मैया के इस पावन पर्व को निकटवर्ती ग्राम कोपा ढाई नंबर में बने छठ घाट पर पूजन कर मनाया।विधायक अरविंद पांडेय की धर्मपत्नी मनविंदर पांडेय एवं उनकी पुत्रवधु अतुल पांडेय धर्मपत्नी अनिता पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए छठी मैया के पावन व्रत को रखते हुए छठ पर्व की बधाई क्षेत्रवासियों को दी।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने बताया की मान्यता है कि छठ का व्रत करने से निसंतान को संतान की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। यह महापर्व चार दिन का होता है और छठ माई के लिए व्रत रखा जाता है।छठ की शुरुआत नहाय खाय से होती है, उसके बाद दूसरा दिन खरना होता है, तीसरा दिन संध्या अर्घ्य दिया जाता है और चौथा दिन उषा अर्घ्य के नाम से जाना जाता है।क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने छठ मैया के पावन पर्व के इतिहास और मान्यता को विस्तार से बताते हुए छठ मैया से क्षेत्र की समृद्धि एवं सुखमय की कामना की।वही युवा भाजपा नेता अतुल पांडेय ने भी छठ मैया के पर्व पर समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के विकास एवं युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य एवं क्षेत्रवासियों के स्वस्थ जीवन की कामना की।।



# पूर्वांचल समाज को दी छठ पूजा की बधाई

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित छठ पूजा महोत्सव में पहुंचकर क्षेत्रवासियों विशेषकर पूर्वांचल के लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा खेड़ा स्थित संतोषी माता मंदिर, कल्याणी व्यू स्थित छठ घाट, ट्रांजिट कैंप स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर, और फुटबॉल मैदान में आयोजित सार्वजनिक छठ पूजा महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। जहां छठ महोत्सव आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित छठ पूजा महोत्सव को संबोधित करते हुए श्रीमती शर्मा ने कहा कि छठ पूजा में विशेष कर महिलाएं तीन दिन से भी अधिक समय की पूजा करती हैं और व्रत रखती हैं, उन्होंने कहा कि यह पूजा ऐसी है जिसमें सूर्य के अस्त होते हुए भी पूजा की जाती है। यहां श्रीमती शर्मा ने सभी क्षेत्रवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली नगर निगम पार्षद प्रीति साना,महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, रामाधारी गंगवार, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा सुदर्शन शर्मा,पूर्व सभासद नगर पालिका मालती मौर्य,दिनेश मौर्य, लालमन मौर्य, श्रीमती सरोज रानी, सुरैया, मंजू गुप्ता, रजनी मिश्रा, शांति ,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### चुनावी घोषणा पत्र और उपहार

चुनाव के समय राजनीतिक दल न केवल अपने घोषणा-पत्रों में बढ़-चढ़ कर लोकलुभावन वादे करते, बल्कि नकदी, आभूषण, महंगे उपहार और नशीले पदार्थ आदि बांट कर भी मतदाता को अपने पाले में खींचने का प्रयास करते देखे जाते हैं। यह अब एक तरह से परिपाटी बन गई है। हालांकि हर चुनाव में प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा तय है और निर्वाचन आयोग दम भरता है कि वह स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराएगा। इसके लिए जगह-जगह छापामार दल तैयार किए जाते हैं, जो चुनाव के समय अवैध रूप से मतदाताओं को लुभाने वाली गतिविधियों पर नजर रखते और नकदी आदि बांटने पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। मगर हकीकत यही है कि हर चुनाव में नकदी और महंगे उपहार, शराब वगैरह का चलन बढ़ता गया है। अभी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने बताया है कि पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों के दौरान जब्त की गई राशि पहले के चुनावों की तुलना में काफी बढ़ी हुई है। इस मामले में राजस्थान अव्वल है, जहां पहले की तुलना में करीब तीन गुना अधिक राशि जब्त की जा चुकी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन राज्यों में कितने बड़े पैमाने पर नकदी, शराब वगैरह बांटी गई। चुनाव सुधार को लेकर लंबे समय से सुझाव दिए जाते रहे हैं। मतदाताओं को अनैतिक रूप से लुभाने की कोशिशों पर रोक लगाने के मकसद से कुछ कड़े प्रावधान भी किए गए। मगर उन कोशिशों का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा, तो जाहिर है इसमें राजनीतिक दलों की इच्छाशक्ति का अभाव है। शायद किसी भी पार्टी में ऐसा नैतिक साहस नहीं है, जो दावा कर सके कि वह तय नियमों से बाहर जाकर चुनाव खर्च नहीं करती। यही वजह है कि स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी बेशक निर्वाचन आयोग पर है, मगर उसे एक प्रकार से नख-दंतविहीन बना कर रखा गया है। चुनाव में प्रत्याशी के लिए तो खर्च की सीमा तय है, मगर पार्टियों के लिए कोई सीमा नहीं है। इस तरह अक्सर प्रत्याशी अपने तय सीमा से अधिक खर्च को पार्टी खर्च के खाते में दिखा देते हैं। इस तरह चुनावों में बेतहाशा खर्च किया जाने लगा है। निर्वाचन आयोग के लिए उस पर अंकुश लगाना कठिन बना हुआ है। पार्टियों को चुनावी चंदे के रूप में मिलने वाले गुप्त धन पर अंकुश लगाना तो चुनौती है ही। इस तरह चुनावों में काले धन को सफेद करने की कोशिशों पर रोक लगाना भी मुश्किल काम बना हुआ है। सब जानते हैं कि चुनावों में खर्च होने वाला धन राजनीतिक पार्टियां और प्रत्याशी चंदे के रूप में जुटाते हैं। हालांकि इसके लिए भी नियम-कायदे हैं, मगर हर राजनीतिक दल के पास चोरी-छिपे गुप्त धन पहुंचता है, जो आमतौर पर कालाधन होता है। वही पैसा प्राय: नकदी, आभूषण, शराब और दूसरी वस्तुओं के रूप में बांटा जाता है। आयकर और प्रवर्तन विभाग छापेमारी करके कुछ नकदी आदि पकड़ तो लेते हैं, मगर वह बांटी गई रकम का महज छोटा हिस्सा होती है। फिर, राजनीतिक दलों की इस प्रवृत्ति पर अंकुश इसलिए नहीं लग पाता कि जिस प्रत्याशी के पास से ऐसी अवैध चीजें पकड़ी जाती हैं, उसके खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हो पाती। आजतक ऐसे किसी व्यक्ति का नामांकन या उसका चुनाव रद्द करने का प्रमाण नहीं है। जब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया जाएगा, राजनीतिक दल मतदाता को इस तरह प्रलोभित करने से शायद ही बाज आएं।

# एचडीएफसी बैंक ने आयोजित किया ब्लड डोनेशन कैंप

काशीपुर (उद संवाददाता)। एचडीएफसी बैंक के तत्वधान में आज सुबह मुरादाबाद रोड पर ब्रांच के समीप ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन क्षेत्राधिकारी पुलिस वंदना वर्मा ने विधिवत फीता काटकर किया। अपने उद्बोधन में क्षेत्राधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान में प्रत्येक व्यक्ति को भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी समाज सेवा और कोई दूसरी नहीं है। अपने उद्बोधन में क्षेत्राधिकारी वंदना वर्मा ने कहा कि रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है। वजन कंट्रोल में रहता है। कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियों का जोखिम बहुत कम होता है। रक्तदान से न सिर्फ शरीर बल्कि दिमाग पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। इस तरह रक्तदान करके व्यक्ति ना किसी की जान



बचाता है बल्कि उसके अपने सेहत को भी कई फायदे होते हैं। इस दौरान बैंक के क्लस्टर हेड शाश्वत ओम, ब्रांच मैनेजर अभिषेक साहनी, यूनिट हेड, अविनाश गोयल, मोहम्मद नईम चौधरी, मनोज कुमार, मजहर हुसैन, रोहन रौतेला आदि बैंक से जुड़े स्टाफ ने क्षेत्राधिकार वंदना वर्मा का बुके भेंट कर स्वागत करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह प्रदान किये। अपने उद्बोधन में बैंक के अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी कई सारे लोगों के मन में गलत धारणाएं हैं। ज्यादातर लोगों की सोच है कि ब्लड डोनेशन से कमजोरी आती है या फिर बीमारियां लगती है जो की पूरी तरह से गलत है। कहां की रक्तदान हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। रक्तदान शिविर में दर्जनों बैंक कर्मियों ने बारी-बारी से रक्तदान किया। समापन अवसर पर बैंक के अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में इसी तरह आगे भी कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# गाय में सभी देवों का वास: शास्त्री

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास की कथा के 24वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि कार्तिक शुक्ल अष्टमी जिसको गोपाष्टमी भी कहते हैं। इस दिन सब मनोकामनाओं को पूर्ण करने के लिए गोपूजन करना चाहिए, गाय में सभी देवों का वास होता है, गाय की सेवा करने से अकाल मृत्यु टल जाती है इस दिन गोधूलि के समय गायों के पीछे चलने से सैकड़ो जन्मों के पाप दूर हो जाते हैं, इस दिन गोदान करने से हजारों गायों के दान का फल मिलता है, गाय के माथे पर ब्रह्मा विष्णु का वास, गाय के सींग में सभी तीर्थों का वास, गोमूत्र में गंगा, गोबर में यमुना, दोनों नेत्रों में सूर्य और चंद्रमा तथा गोदुग्ध में मां सरस्वती का वास होता है। सोमवार को प्रभात फेरी का वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम लाल सुखीजा, श्रीमती सत्या सुखीजा, समाजसेवी जगदीश लाल चुघ एवं श्रीमती विमला चुघ के निवास पर स्वागत किया गया। प्रसाद की सेवा श्री सनातन धर्म सभा के संरक्षक हरिचन्द मुरादिया के सुपुत्र विजय मुरादिया एवं श्रीमती विशाखा मुरादिया के परिवार द्वारा दी गई।



# अवैध शराब के साथ दो बाइकें जब्त

किच्छा (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने 20लीटर कच्ची शराब सहित दो मोटरसाइकिलें जब्त की है जबकि कच्ची शराब ला रहे दोनों अभियुक्त मौके से फरार हो गए।जानकारी के अनुसार कोलकाता चौकी के पास पुलिस द्वारा अगस्त के दौरान दो मोटरसाइकिल चालकों को रोकने का प्रयास किया गया तो दोनों मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल छोड़कर फरार



हो गए। मोटरसाइकिलों की तलाशी के दौरान दोनों मोटरसाइकिलों से 500 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए जो कि लगभग 20 लीटर के आसपास है।पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत नगर व आसपास क्षेत्र में चरस ,कच्ची शराब तथा नशे के इंजेक्शनों के सप्लायरों की धरपकड़ हेतु पिछले काफी समय से अभियान चलाया हुआ है। किंतु पुलिस की कार्यप्रणाली को ताक में रखते हुए नशे के कारोबार में लिप्त लोग अपना कार्य बदस्तूर किए जा रहे हैं। नए कोतवाल सुंदरम शर्मा के कार्यभार संभालने के बाद आम जनता भी नए कोतवाल की कार्य शैली पर आस लगा रहे है। बहरहाल गत रात्रि गश्त कर रही पुलिस चौकी कलकत्ता फार्म थाना किच्छा पुलिस टीम द्वारा दौराने गश्त 2 मोटरसाईकिलो में अलग-अलग 550 पाउच अवैध कच्ची शराब परिवहन करते मोटरसाईकिलो को मय अवैध कच्ची शराब के कब्जे पुलिस लिया गया परंतु दोनों मोटरसाईकिल चालक भागने में सफल रहे। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

# कायस्थ महासभा ने किया चित्रगुप्त महाराज का पूजन

पंतनगर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आनंदी मंदिर पत्थरचट्टा में भगवान चित्रगुप्त महाराज का पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ व आरती के उपरांत भंडारे के माध्यम से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के पुर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आनंदी मंदिर परिसर का विकास किया जा रहा है। सांसद निधि से पांच लाख की धनराशि



अवमुक्त कर दी गयी है। नगर निगम के माध्यम से शौचालय आदि कि निर्माण प्रगति पर है। समारोह को संबोधित करते हुए महासभा के जिला संरक्षक कमल श्रीवास्तव ने मंदिर परिसर में आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त के मंदिर स्थापित करने का सुझाव दिया। समारोह मे शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कायस्थ समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन श्रीमती अंजू सक्सेना ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुप दत्ता, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, ब्रह्म प्रकाश श्रीवास्तव, नीरज सक्सेना, डा.आर.के.श्रीवास्तव, डॉ ममतेश सक्सेना, कमल किशोर सक्सेना, उतम दत्ता, इशिता सक्सेना, डॉ के.पी.सकसेना, अशोक श्रीवास्तव, डा.राकेश सक्सेना व सुनील श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# छठ घाटों पर पहुंचकर लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। छठ पूजा के अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर जाकर छठ मैया का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि उधम सिंह नगर एक कौमी गुलदस्ता है यहां पर सभी समाज के लोग खुशियों से अपने-अपने पर्व को मानते हैं यहां पर लोहड़ी हो खिचड़ी हो उत्तरायण हो सभी त्योहारों को एक साथ मिलाया जाता है बनाया जाता है। विविधता में एकता यही हमारी पहचान है। यही



हमारी संस्कृति है। सभी घाटों पर जो इस बार नजारा देखने को मिला वह वास्तव में ही बहुत ही सुंदर था। सभी घाटों को बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया था। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा की छठ पूजा पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में ही अवकाश देकर हमारे पूर्वांचल समाज को सौगात दी है। आने वाले समय में क्षेत्र के सभी घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष बजट की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि इन घाटों का कायाकल्प किया जा सके। भ्रमण के दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कल्याणी नदी, तीन पानी डाम, फूलसूंगा आनंद विहार, जगतपुरा खेड़ा इत्यादि घाटों पर जाकर मां का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

# विद्युत चोरी से सरकार को करोड़ो की चपत

काशीपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में विद्युत चोरी के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं इससे सरकार के राजस्व को जहां एक और भारी क्षति हो रही है वही ऊर्जा प्रदेश में भविष्य को लेकर विद्युत संकट गहराने लगा है। सूत्र बताते हैं की जिम्मेदार अधिकारी यहां मातहत कर्मचारियों के माध्यम से विद्युत चोरी के बदले मोटी रकम वसूल कर रहे हैं और सरकार तथा समाज की आंख में धूल झोंकने के लिए समय-समय पर छोटे-मोटे मामलों को पड़कर दायित्वों की इतिश्री हो रही है। ठेके पर रखे गए लाइनमैन व कर्मचारियों ने इसे धंधा बना लिया है। अधिकांश स्थानों पर निर्माण कार्य चोरी की बिजली से कराए जा रहे हैं तो वहीं औद्योगिक का स्थान महुआ खेड़ा गंज में सेटिंग के बूते कल कारखानों में भारी तादाद में विद्युत चोरी का गैरकानूनी खेल चल रहा है। अधिकारियों की इसमें बाकायदा सांठगांठ बताई जाती है। नगर क्षेत्र की बात करें तो सैकड़ो स्थान पर छोटी-मोटी कारोबारी ने विभाग से गंठजोड़कर कटिया डाल लिया है। आटा की चक्की तेल की चक्की मशीनरी के कार्य तथा बड़े शोरूम एवं स्टोरों में चोरी छुपे बिजली चोरी का खेल लगातार चल रहा है। नगर क्षेत्र में तीन दर्जन से भी अधिक स्थानों पर वाशिंग पॉइंट है जहां चोरी की बिजली से गाड़ियों की धुलाई की जाती है। विद्युत चोरी एवं लाइन लास का आंकड़ा अभी भी नीचे आने को तैयार नहीं है। विद्युत चोरी के कारण लाइनों ट्रांसफार्मरों खंबे एवं बिजली घर के उपकरणों पर ओवरलोड प्रभाव पड़ने से खर्च भी सालाना करोड़ों में होता है। विद्युत चोरी के कारण अक्सर ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं। अधिकारी लूट खसोट में मस्त है। बकाया भुगतान की रिकवरी नहीं हो पाती।

# परिवार में बनाएं धार्मिक वातावरण: रमेश दास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोहरिया साल मल्ला में केवलानंद भट्ट के आवास पर चतुर्थ दिवस की भागवत कथा सुनाई गई। कथा व्यास मोनी महाराज जी के कृपाप्रात्र श्री श्री 108 महंत श्री रमेश दास जी द्वारा हिरण्यक्ष के वध, पृथ्वी के उद्धार, कपिल भगवान के जन्मजी की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि परिवार में धार्मिक वातावरण बनाना चाहिए जिससै बच्चों को अच्छे संस्कार मिले। व्यास जी द्वारा बताए गया कि मनुष्य को इंद्रियों पर नियंत्रण रखना चाहिए और इंद्रियों पर नियंत्रण के लिए भगवान के



नाम जप को सहारा लेना चाहिए। वृंदावन धाम की महिमा का वर्णन करते हुए व्यास जी द्वारा बताया गया कि वृंदावन के तीर्थ ही नहीं बल्कि भगवान का घर है यदि संभव हो वृंदावन की महत्वता अवश्य करें। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत, देवेन्द्र ढैला, शशांक रावत मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, चंदन बिष्ट, अनिल भट्ट, हेमन्त भट्ट, गंगा सामंत, त्रिवेणी ग्याल, प्रतिभा जोशी, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सुरंग में फंसे श्रमिकों के परिजनों से मिले गडकरी

## सुरक्षित निकालने के लिए पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ जुटी हुई है सरकार : धामी

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन जयराम गडकरी ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के साथ सिलक्यारा सुरंग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश व दुनिया में उपलब्ध श्रेष्ठतम विशेषज्ञों द्वारा सुरंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने रेस्क्यू के हर विकल्प पर उच्च क्षमता व तत्परता के साथ काम किए जाने की बात कही। उन्होंने सुरंग में फंसे श्रमिकों के परिजनों से भी मुलाकात की और भरोसा दिलाया कि सरकार पूरी ताकत और शिद्दत से रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। रेस्क्यू ऑपरेशन के शुरूआती दौर में आई कठिनाईयों को देखते हुए अब हर संभव विकल्पों पर एक साथ काम शुरू कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने रेस्क्यू में जुटे संगठनों व प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेकर रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा कर नए विकल्पों और संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से विमर्श किया। उन्होंने कहा कि देश दुनिया में इस रेस्क्यू के लिए उपलब्ध उच्चतम दक्षता, अनुभव और संसाधनों का उपयोग कर उसे फौरन अमल में लाया जाए। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही सेना, आरवीएनएल, एसजेवीएनएल, ओएनजीसी, बीआरओ, टीएचडीसी सहित विभिन्न संगठनों के अधिकारियों ने भाग लिया। इनके अलावा उत्तराखंड के मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अपर सचिव महमूद



अहमद, पीएमओ के उप सचिव मंगेश घिल्डियाल, प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार व उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे सहित विभिन्न विभागों व संगठनों के अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग हादसे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए केन्द्र सरकार के प्रयासों के साथ राज्य सरकार पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस रेस्क्यू ऑपरेशन में हर संभव सहयोग करने के साथ ही सुरंग में फंसे श्रमिकों व उनके परिजनों के मनोबल को बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे राज्यों के श्रमिको के परिजनों व इन राज्यों के अधिकारियों से संपर्क व समन्वय बनाए रखने के लिए शासन स्तर पर भी एक अधिकारी की तैनाती की जा रही है। हमने श्रमिकों के परिजनों के आवागमन, प्रवास तथा अन्य जरूरी देखभाल का भी इंतजाम किया है। आज सिलक्यारा पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन का निरीक्षण व समीक्षा करने के बाद सुरंग में फंसे श्रमिकों के परिजनों से भेंट कर उन्हें आश्वस्त किया कि उत्तराखंड सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता टनल में फंसे मजदूरों को सकुशल बाहर निकालना है।आपदा की इस घड़ी में हम सभी को मजदूर एवं उनके परिजनों का हौसला बनाए रखना है। इस दौरान उत्तराखण्ड के मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा, विधायक यमुनोत्री संजय डोभाल, विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान, विधायक पुरोला दुर्गेश्वर लाल, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान,सहित अन्य मौजूद रहे।

# कांग्रेसजनों ने जयंती पर पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को किया नमन

रूदपुर/ हल्द्वानी(उद संवादाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश को बुलंदियों तक पहुंचाया था। आज हमें उनके बताएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी ने देश को मजबूत बनाने में अनेकानेक कार्य किये, जिसकी वजह से देश का नाम विश्व भर में सम्मान के साथ लिया जाता है स श्रीमती शर्मा गांधी पार्क में देश की पूर्व प्रधानमंत्री लोह महिला श्रीमती इंदिरा गांधी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रीमती इंदिरा गांधीजयंती पर इंदिरा गांधी को किया नमन की मूर्ति पर माल्यार्पण किया, और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये स यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने,जब तक सूरज चांद रहेगा, इंदिरा तेरा नाम रहेगा, इंदिरा तेरा यह बलिदान, याद करेगा हिंदुस्तान, आदि के गगन भेदी नारे लगाकर उनका स्मरण किया, और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बाबरा,महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ,महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, नगर निगम पार्षद प्रीति साना,अशफाक अहमद, परवेज कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के सचिव रामाधारी गंगवार, चेतन भट्ट ,पूर्व पार्षद उमर अली सलमानी, अमीर हुसैन,सुदर्शन शर्मा,फरमान सिद्दीकी, रविंद्र गुप्ता, अनिल शर्मा, अरविंद सक्सेना, अजीज अहमद,सुरेश शर्मा, देवू कोली, सचिन, सरदार इंद्रजीत सिंह , सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। हल्द्वानी। महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट के नेतृत्व में महानगर कांग्रेस ने स्वराज आश्रम में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। श्री बिष्ट ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी महिला सशक्तिकरण की मिसाल रही है। इसलिए पूरा विश्व उनको आयरन लेडी के नाम से जानता है। देश और देशवासियों के लिए उनका सम्पूर्ण समर्पण हमेशा सबके लिए अनुकरणीय रहेगा और कांग्रेस को ताकत देता रहेगा। इतने वर्षों बाद भी इंदिरा गांधी और उनके कामों को याद किया जाता है। यह हर एक कांग्रेसी के लिए गर्व की बात है। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, पूर्व राज्य मंत्री सुहैल सिद्दीकी, गोविंद बगड़वाल, आनंद दरमवाल, एडवोकेट अनिल कन्नौजिया, एडवोकेट धर्मवीर, अमित रावत, कोमल जयसवाल, जसप्रीत गुजराल, अर्जुन राणा, मोहमद शाद अली, ताहिर हुसैन, रंजीत आदि ने भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गाँधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया।





## पेज एक का शेष...

**पीएम मोदी ने लिया..**अगले 24 घंटे में होने की संभावना है। अब दो से तीन दिन में ड्रिल पूरी हो सकेगी। अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स भी सोमवार को उत्तरकाशी पहुंचे हैं। उन्होंने यहां निरीक्षण करने के बाद कहा कि हम श्रमिकों को बाहर निकालने की कोशिश में जुटे हैं। कहा कि मेरे साथ हिमालय भूविज्ञान के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ हैं। हमें तुलना करने की आवश्यकता है। हमने यहां सुरंग के ऊपर जो देखा है और जो हम जानते हैं कि सुरंग के अंदर क्या हो रहा है। हम उन 41 लोगों को बचा रहे हैं और ऐसा करते समय हम किसी को भी चोट नहीं पहुंचने देंगे। यह किसी भी जटिल काम की तरह है। जहां हमें चारों ओर ऊपर से नीचे तक देखना होता है। यहां की टीम बचाव पर इतना ध्यान केंद्रित कर रही है कि किसी और को चोट न पहुंचे। फिलहाल टनल के ऊपर 320 मीटर दूरी पर टीम ने ड्रिल के लिए स्थान चुना है। यहां से 89 मीटर गहराई तक ड्रिल होगी। इसके अलावा टनल में ड्रिलिंग का काम दोबारा चल रहा है। पांचवें पाइप को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस तरह 30 मीटर तक ड्रिल हो जाएगी। ऑपरेशन के तहत पांच प्लान पर कार्य करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के उच्चाधिकारी सिलक्यारा में ही डेरा डाले हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया है। और बचाव कार्यों पर लगातार नजर रखें हैं। मेडिकल की टीम भी वहाँ पर तैनात कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग के अंदर फंसे सभी मजदूर सुरक्षित हैं और उन्हें जल्द बाहर निकालने की पूरी कोशिश की जा रही है। अब तक प्रधानमंत्री तीन बार मुख्यमंत्री से स्थिति की जानकारी ले चुके हैं। पीएमओ की टीम भी मौके का निरीक्षण कर चुकी और लगातार स्थिति पर नजर बनाये हुए है और समन्वय का कार्य कर रही है।

**चिंता में श्रमिकों के ...** दिया। कहता है कि खाने पीने की इच्छा नहीं है। सिलक्यारा पहुंचे मजदूरों के परिजनों के लिए प्रशासन की ओर से खाने पीने और रहने की व्यवस्था की गई है। यहां बने भवनों के कुछ कमरों में बाहर से आने वाले परिजनों को ठहराया जा रहा है।

**हरीश रावत की तबियत..**कुछ दिन पहले भी हरीश रावत की तबीयत बिगड़ी थी, तब उन्हें हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में भर्ती कराया गया था। सीएम धामी भी यहां उनका हालचाल जानने पहुंचे थे। चिकित्सकों ने रावत के एमआरआई, सीटी स्कैन और ईको आदि टेस्ट के बाद पसली में चोट और कमर में हल्की चोट की पुष्टि हुई थी। अब आज उन्हें पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत बताई गई। फिलहाल उनकी हालत सामान्य है।

**तेईस साल पांच सांसद..**बदनसीब संसदीय क्षेत्र में विकास की बानगी केवल और केवल इतनी सी ही है कि कभी केंद्र द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कोई योजना लॉन्च किए जाने पर किसी क्षेत्रीय सांसद ने किसी गांव को गोद ले लिया, तो किसी सांसद ने संसदीय हिस्से क्षेत्र के किसी हिस्से में कुछ सड़के बना दी अथवा किसी दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति के आश्रितों को सांसद निधि से थोड़ी बहुत सहायता राशि दे दी। नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से जुड़ा एक विशेष संयोग यह भी है की उत्तराखंड निर्माण के शुरुआती 4 वर्षों को छोड़कर,शेष 19 वर्षों की अब तक की अवधि में इस संसदीय क्षेत्र का सांसद सत्ता पक्ष का ही रहा है, बावजूद इसके उक्त संसदीय क्षेत्र को आज तक केवल छोटे-मोटे कार्यों के लॉलीपॉप से ही संतोष करना पड़ा है इस संसदीय क्षेत्र में कुछ सांसद तो ऐसे भी हुए हैं, जिन्होंने अपनी सांसद निधि के समुचित एवं विवेकपूर्ण इस्तेमाल में भी दिलचस्पी नहीं दिखाई और उनकी सांसद निधि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर लैप्स हो गई। कहने को तो इस नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र को विकास पुरुष एनडी तिवारी तथा वर्तमान केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट जैसे प्रतिनिधि भी मिले मगर दुर्भाग्यवश केंद्र की कोई बड़ी सौगात इस संसदीय क्षेत्र के हिस्से नहीं आ सकी। वर्तमान में जाम रानी बांध परियोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं रेलवे स्टेशन की पुनरुद्धार की जिन योजनाओं को आधार बनाकर तराई में विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, वह केंद्र की सामान्य संचालित योजनाएं ही है और इन्हें हासिल करने की दिशा में संसदीय क्षेत्र के वर्तमान सांसद एवं केंद्रीय मंत्री का कोई खास योगदान नहीं है। बात विकास पुरुष स्वर्गीय एनडी तिवारी की करें तो वह नैनीताल लोकसभा सीट से सांसद तब चुने गए थे ,जब यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश के अंतर्गत था। हालांकि उत्तराखंड निर्माण के बाद तिवारी एनडी तिवारी को उत्तराखंड राज्य के सांसद के रूप में मान्यता मिली। लेकिन उस समय केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के कारण, कांग्रेस पार्टी के सांसद होने की वजह से एनडी तिवारी जैसा भारी भरकम नेता भी संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कुछ खास ना कर सका यह अलग बात है कि उत्तराखंड के प्रथम विधानसभा चुनाव में ही एनडी तिवारी विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर उन्होंने तराई क्षेत्र में सिडकुल की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर ,तराई क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति की एक नई इबारत लिखी।

# विराट कवि सम्मेलन सम्मेलन आज शाम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विराट कवि सम्मेलन का आयोजन आज शाम जनता इंटर कालेज में किया जाएगा। कवि सम्मेलन में देश के जाने माने कवि काव्य पाठ करेंगे। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं कार्यक्रम राष्ट्रीय चेतना मंच के अध्यक्ष संजय ठुकराल ने आज शाम 5 बजे जनता इंटर कालेज में पहुंचने की अपील की उन्होने बताया कि विराट कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्र के प्रसिद्ध



उद्योगपति एवं समाजसेवी कुमार ग्रुप ऑफ कंपनीज के सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल होंगे। श्री ठुकराल ने बताया कि कवि सम्मेलन में विख्यात कवि सुदीप भोला, विनीत चौहान, शंभू शिखर, नवीन पार्थ, मुमताज नसीम, अमन अक्षर, गौरव चौहान, दीपक पारिख,शशि श्रेया आदि काव्य पाठ करेंगे अधिकांश कवि गण रुद्रपुर पहुंच चुके हैं। कवि सम्मेलन में प्रवेश निःशुल्क है। कवि सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। पूर्व विधायक ठुकराल ने कवि सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों से पहुंचकर कवियों का हौंसला बढ़ाने की अपील की है।

# प्रभात फेरी का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी में आठवें दिन अवतार सिंह के निवास स्थान पर पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली, सभासद पति जगरूप सिंह गोल्डी द्वारा साध संत को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली ने कहा कि आगामी गुरु पर्व को भव्य बनाने के लिए नगर को गुरुद्वारा सिंह सभा के नेतृत्व में पूर्ण रूप से सजाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा सिंह सभा के तत्वाधान में गुरु पर्व



के उपलक्ष में निकली जा रही प्रभात फेरी जहां गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। वहीं प्रातःकाल गुरु का स्मरण करने तथा घूमने फिरने से शरीर और दिमाग दोनों स्वस्थ रहते हैं और आदमी की बुद्धि जहां शुद्ध होती है वही शरीर निरोगी रहता है। सभासद पति जगरूप सिंह ने कहा कि आगम में गुरु पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा तथा नगर में भाभी आयोजन भी किए जाएंगे तथा प्रत्येक नागरिक को गुरु की महिमा से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने सिख संगत से अनुरोध किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने स्तर से गुरु पर्व की तैयारी पर जुट जाएं। इस अवसर पर देवेंद्र विर्क,अवतार सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# उचक्कों ने छीना मोबाइल फोन

काशीपुर(उद संवाददाता)। सरकारी अस्पताल के समीप बाइक सवार उचक्कों ने एक युवक के हाथ से कीमती मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में घटना के तीन दिन बाद तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर पठानों वाली गली मोहल्ला कटोराताल निवासी रोहित दिवाकर पुत्र नारायण दास ने बताया कि 17 नवंबर की रात्रि लगभग 9:00 बजे स्टोर बंद कर वह पीएम हाउस मोड़ से होकर घर की ओर जा रहा था इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने अचानक झपट्टा मारकर उसके हाथ से कीमती मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000 HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Galaxy S23 FE
Own at ₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic, Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank, Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन